Thirteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-04-2002
Participants : Tripathi Shri Ram Naresh

Need for early completion of construction work of Pench Irrigation Project in Madhya Pradesh–Laid.

श्री रामनरेश त्रिपाठी (सिवनी): उपाध्यक्ष महोदय, मध्य प्रदेश में पेंच नदी पर पेंच परियोजना के नाम से सिंचाई एवं विद्युत उत्पादन के लिये योजना बनायी गयी थी, जिससे सिवनी तथा छिंद वाड़ा जिले की लगभग 65 हजार हैक्टेयर जमीन सिंचित होनी थी तथा विद्युत उत्पादन भी होना था। इस परियोजना पर लगभग 5 करोड़ रूपया व्यय भी हो चुका है। वर्ा 1992 में इस परियोजना को पर्यावरण में हानि होना बतलाकर रोक दिया गया, जिससे यह योजना अधूरी पड़ी है। इस योजना के पूर्ण होने से जनजातीय बाहुल्य सिवनी एवं छिंदवाड़ा जिले के छोटे तथा गरीब किसानों को सिंचाई का लाभ मिलने के साथ साथ जल ग्रहण क्षेत्र बढ़ेगा, जिससे इन जिलों का भूजल स्तर भी बढ़ेगा, जो अभी काफी नीचे है। विद्युत संकट से जूझ रहे मध्य प्रदेश में भी विद्युत का अतिरिक्त उत्पादन हो सकेगा।

मेरा जल संसाधन मंत्री से विनम्र आग्रह है कि जनहित में इस योजना में आ रही बाधाओं को दूर करवा कर इसे पूरा करवाने हेतु पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाने का कट करें।